# पनवाड़ी पुलिस ने अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार



दिनाँक 28.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब की बरामदगी अभियान के तहत प्र0नि0 पनवाड़ी श्री विनोद कुमार यादव द्वारा गठित टीम उ0नि0 विनोद सिंह मय हमराहियान के मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम मसूदपुरा, नेकपुरा जाने वाले रास्ता से अभियुक्त मथुरा प्रसाद उर्फ मथरा अनुरागी पुत्र चौखे लाल उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी ग्राम मसूदपुरा थाना पनवाड़ी जिला महोबा को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से **20 लीटर अवैध देशी शराब बरामद** की गई। जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर **मु.अ.सं. क्रमशः 206/2020 धारा 60 आबकारी अधिनियम** पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

मथुरा प्रसाद उर्फ मथरा अनुरागी पुत्र चौखे लाल उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी ग्राम मसूदपुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1- उ0नि0 श्री विनोद सिंह
2- का0 राघवेन्द्र कुमार
3- का0 राहुल कुमार

# सीसीटीएनएस में जनपद महोबा को प्राप्त हुआ अग्रणी स्थान



आज दिनांक 29.10.2020 पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में सीसीटीएनएस के डाटा डिजिटाईजेसन में जनपद महोबा को अग्रणी स्थान प्राप्त करने पर सीसीटीएनएस टीम के उत्साहवर्धन हेतु सीसीटीएनएस प्रभारी अंकुर जायसवाल व कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए रहमान रशीद को 1000-1000 नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया एवं थानो पर नियुक्त समस्त सीसीटीएनएस कर्मियो को गुड –इन्ट्री प्रदान किया गया।

ज्ञातव्य हो कि सीसीटीएनएस में डाटा डिजिटाईजेशन का कार्य सम्पादित किया जा रहा था, जिसके अन्तर्गत दिनांक 01.01.2003 से 31.12.2012 तक अभियोगो का रिकार्ड डिजिटाईज्ड किया जाना था। जनपद महोबा द्वारा उक्त कार्य समय से पूर्ण किया गया। सीसीटीएनएस डाटा डिजिटाईजेशन में 17 जनपद सहित जनपद महोबा को अग्रणी स्थान प्राप्त हुआ है। उक्त कार्य को समयबद्ध पूर्ण करने हेतु श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा भूँरि- भूँरि प्रशंसा की गयी है। इस मौके पर पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश मौर्य उपस्थित रहे।

# श्रीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया वाँछित अभियुक्त




आज दिनांक 29.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे वाँछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 श्रीनगर श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम SI श्री हेमराज सिंह मय हमराहियान के मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम कैमाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा से 01 नफर वांछित अभियुक्त सज्जाद पुत्र जलील उम्र लगभग 37 वर्ष, निवासी जाफर पट्टी थाना राजपाकर जिला वैशाली बिहार, हाल पता साई ढाबा के पास पंचर की दुकान ग्राम कैमाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा, सम्बन्धित मु.अ.सं. 189/20 धारा 377/323/506 भादवि को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

सज्जाद पुत्र जलील उम्र लगभग 37 वर्ष, निवासी जाफर पट्टी थाना राजपाकर जिला वैशाली, बिहार, हाल पता साई ढाबा के पास पंचर की दुकान ग्राम कैमाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 श्री हेमराज सिंह
2. कां0 अशोक सिंह

# कुलपहाड़ पुलिस ने वारन्टी को किया गिरफ्तार




आज दिनांक 29.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे वाँछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 कुलपहाड़ श्री अनूप कुमार दुबे द्वारा गठित टीम उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी मय हमराहियान के मुखबिर खास कू सूचना पर 01 नफर वारन्टी चतुर ढीमर पुत्र मुन्नी लाल उम्र करीब 45 वर्ष, निवासी मुहल्ला नयापुरा कस्बा जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा, सम्बन्धित मु0अ0सं0 713/11 धारा 323/504/506 भादवि, माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट, कुलपहाड़ को मुहल्ला नयापुरा कस्बा बेलताल से गिरफ्तार कर मा0 माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

चतुर ढीमर पुत्र मुन्नी लाल उम्र करीब 45 वर्ष, निवासी मुहल्ला नयापुरा कस्बा जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1- उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी
2- हे0कां0 सूरज सिंह
3- हे0कां0 रामसुचित तिवारी
4- कां0 राहुल अग्निहोत्रि

# कुलपहाड़ पुलिस ने वाँछित को किया गिरफ्तार




आज दिनांक 29.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे वाँछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 कुलपहाड़ श्री अनूप कुमार दुबे द्वारा गठित टीम उ0नि0 कमलाकान्त मिश्र मय हमराहियान के मुखबिर खास की सूचना पर 01 नफर वांछित अभियुक्त अर्जुन सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह यादव उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड जनपद महोबा, सम्बन्धित मु0अ0सं0 311/2020 धारा 323/504/506/328/427 भादवि को रोड़वेज बस स्टैण्ड कस्बा कुलपहाड़ से गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

अर्जुन सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह यादव उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड जनपद महोबा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 कमलाकान्त मिश्र
2. कां0 अनिल कुमार

# अजनर पुलिस व आबकारी टीम ने अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार



आज दिनांक 29.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब की बरामदगी अभियान के तहत प्र0नि0 अजनर श्री शशि कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम उ0नि0 हीरा सिंह मय हमराहियान के व आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर कबूतर डेरा बिजौरी थाना अजनर जनपद महोबा से अभियुक्ता श्रीमती ज्योति कबूतरा पत्नी बलदेव कबूतरा उम्र 30 वर्ष, नि0 कबूतरा डेरा ग्राम बिजौरी थाना अजनर जनपद महोबा को 01 अदद प्लास्टिक की पिपिया में करीब **10 लीटर कच्ची शराब नाजायज** के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर **मु.अ.सं. 189/2020 धारा 60 आबकारी अधिनियम** पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरणः-

श्रीमती ज्योति कबूतरा पत्नी बलदेव कबूतरा उम्र 30 वर्ष ग्राम कबूतरा डेरा बिजौरी थाना अजनर जिला महोबा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ.नि. श्री हीरा सिंह
2. एचसीपी ब्रजबिहारी भड़ेले
3. आबकारी निरीक्षक श्री योगेश कुमार गुप्ता
4. आ.का. मुस्ताक उल्ला
5. म.आ.का. संगीता देवी

# खन्ना पुलिस ने वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




आज दिनांक 29.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे वाँछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 खन्ना शिव आसरे द्वारा गठित टीम उ.नि. बलदेव सिंह मय हमराह का0 धर्मेन्द्र कुमार के मुखबिर खास की सूचना पर 01 नफर वाँछित अभियुक्त मोहन उर्फ मोनू सिंह पुत्र स्व0 प्रताप सिंह उम्र करीब 29 वर्ष, निवासी कस्बा व थाना खन्ना जनपद महोबा, सम्बन्धित मु.अ.सं. 133/20 धारा 354(क) /457 भादवि को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

मोहन उर्फ मोनू सिंह पुत्र स्व प्रताप सिंह उम्र करीब 29 वर्ष, निवासी कस्बा व थाना खन्ना जनपद महोबा

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ.नि. बलदेव सिंह
2. का0 धर्मेन्द्र कुमार

# थाना कोतवाली नगर/कुलपहाड़/चरखारी में आयोजित की गई पीस कमेटी की मीटिंग







दिनांक 28.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के थाना कोतवाली नगर/ कुलपहाड़/चरखारी में आगामी त्यौहार **"बारावफात व अन्य त्यौहारो"** के मद्देनजर पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सिटी सिटी श्री कालू सिंह की अध्यक्षता में कोतवाली नगर एवं एसडीएम कुलपहाड़ की अध्यक्षता में थाना कुलपहाड़ में थाना क्षेत्र के विभिन्न समुदायों के सम्भ्रान्त व्यक्ति/ग्राम प्रधान/ डीजीटल वालंटियर्स के सदस्य मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान त्यौहरों के मद्देनजर आपसी सौहार्द बनाये रखने के दृष्टिगत समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गयी। जिससे उनको समय रहते दूर किया जा सके। इसके साथ ही उपस्थित सभी लोगों से वैश्विक महामारी **Covid-19** के प्रसार को रोकने के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी निर्देशो के तहत त्यौहार मनाने की अपील की गई। नियमो का उल्लंघन करने वालो पर आवश्यक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई।





# कबरई पुलिस द्वारा अवैध खनन/परिवहन एवं टीम पर हमला करने वाला अभियुक्त को किया गिरफ्तार




आज दिनाँक 29.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध खनन/परिवहन को रोकने के अभियान के तहत प्र0नि0 कबरई दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम उ0नि0 विनोद कुमार शुक्ल मय हमराहियान के थाना हाजा पर पंजीकृत **मु.अ.सं 281/20 धारा 147/149/342/307/353/332/379/411/120बी भादवि व 7 क्रिमिनल ला अमेन्डमेन्ट एक्ट व 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम** बनाम 12 नफर से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त ट्रक चालक रोशन सिंह पुत्र स्व0 रामचन्द्र सिंह उम्र 32 वर्ष, निवासी प्रगति पुरा थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली, ट्रक संख्या UP 33 AT 7485 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

ट्रक चालक रोशन सिंह पुत्र स्व0 रामचन्द्र सिंह उम्र 32 वर्ष, निवासी प्रगति पुरा थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली, ट्रक संख्या UP 33 AT 7485

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 विनोद कुमार शुक्ल
2. का0 संजय कुमार
3. हो0गा0 ओमप्रकाश

# *"मिशन शक्ति" अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को किया गया जागरूक*




आज दिनाँक 29.10.2020 को उ0नि0 सुषमा चौधरी प्रभारी महिला थाना मय टीम एवं एण्टी रोमियो टीम के साथ शहर के रामकथा मार्ग, उदल चौक, प्राइवेट बस-स्टैण्ड,तहसील चौराहा आदि जगहो पर जाकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे महाभियान **"मिशन शक्ति"** के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया तथा महिला हेल्पलाइन नम्बर- 1090, 181, 112,1076 को साझा किया गया एवं महिला सम्बन्धी कानून आदि की जानकारी देते हुये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।






***महोबा पुलिस द्वारा पैदल गस्त करके की गई संदिग्धों की चेकिंग व लोगो को कोविड-19 के प्रति किया गया जागरुक***





आज दिनाँक 29.09.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानो द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गस्त की गई। गस्त के मुख्य बाजार, बस-स्टैण्ड, धार्मिक स्थलो सहित होटल/ढाबो/ दुकानो की चेकिंग की गई । इस दौरान वहाँ कोविड-19 नियमो के तहत सैनेटाइजर/मास्क/सोशल डिस्टेन्सिंग आदि नियमो के बारे में लोगो को बताया गया। पैदल गस्त के दौरान लोगो को **कोविड-19** संक्रमण को जागरुक भी किया गया। लोगो को घरो से बाहर निकलने पर **मास्क लगाने व 02 गज की दूरी** बनाये रखने की अपील की गई।





